प्लास्टिक कचरा एकत्रित करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता कार्यक्रम के तहत 325 किलो प्लास्टिक कचरा का उठान व निपटान किया गया

**संवाददाता** देहरादून। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र एम0 टोलिया, ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 01 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी विभागों अपने स्तर पर साथ ही राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों के माध्यम से समस्त विकास खंडों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आज आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में मसंदावाला, सहसपुर, खटंगाटॉप, रायपुर, रुद्रपुर विकासनगर, हरिपुर एवं खरोडा, चकराता में विद्यालयों तथा पंचायत घरों में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कुल 325 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा/अवशिष्ट बैग में भरकर, स्टीकर और टैग लगाकर ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित स्थान पर रखकर अवशिष्ट का निपटान किया जा रहा।

### हरमीत सिंह को फांसी की सजा, परिवार के पांच सदस्यों की बेरहमी से की थी हत्या

**संवाददाता** देहरादून। दून के आदर्श नगर में अपने ही परिवार के पांच सदस्यों की बेरहमी से हत्या करने वाले हरमीत सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई है। उसे 302 के तहत फांसी, 307 और 316 में दस साल की कैद व एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। पंचम अपर जिला जज आशुतोष मिश्र की अदालत ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा, ये रेयर आफ रेयर केस है।

### एसटीएफ ने कुख्यात कलीम के गैंग का नेटवर्क किया ध्वस्त

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पुलिस की एसटीएफ ने कुख्यात कलीम के चार गुर्गों को हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि बीते सोमवार को एक टीम दलेने जिला अल्मोड़ा के जिला कारागार में जिला पुलिस के समन्वय से जेल में कलीम की बैरक में सर्च ऑपरेशन चलाया। वहीं, दूसरी टीम ने कुख्यात कलीम के गुर्गों का पता लगाकर कार्रवाई की।

### एचडीएफसी बैंक ने फेस्टिव ट्रीट्स के तीसरे एडीशन को 10 गुना तक बढ़ाया

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक अपने फेस्टिव ट्रीट्स 3.0 अभियान के हिस्से के रूप में 10,000 से अधिक ऑफर के साथ सभी भारतीयों को खुशियां प्रदान करते हुए उनके दिल रोशन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बार बैंक ने 2020 के मुकाबले ऑफर्स को 10 गुणा तक बढ़ाया है। इस साल हमारे फेस्टिव ट्रीट्स में कार्ड्स, लोन्स और ईएमआई पर 10,000 से अधिक ऑफर्स प्रदान किए जा रहे हैं। इस साल के फेस्टिव ट्रीट्स की थीम 'करो हर दिल रोशन' है।

# सीएम ने उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग मैकेनिज्म बनाया जाने के दिए निर्देश

**समीक्षा**

■ सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त जन शिकायतों का समाधान समयबद्धता से होः सीएम पुष्कर सिंह धामी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेल्पलाइन–1905 की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त जन शिकायतों का समाधान समयबद्धता से हो। इसके लिए एक उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग मैकेनिज्म बनाया जाय। एक माह में मुख्य सचिव द्वारा एवं प्रत्येक 15 दिन में विभागीय सचिवों इसकी मॉनिटरिंग के लिए बैठक की जाय।

**सीएम ने शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लियाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो शिकायतें या शिकायती पत्र सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में आती हैं, उन्हें भी सीएम हेल्पलाइन में डाला जाए। जन शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन 1905 के शिकायतकर्ता अगस्त्यमुनी के श्री पंकज गोस्वामी एवं हल्द्वानी की श्रीमती बीना पंत से फोन से भी वार्ता की। पंकज गोस्वामी ने देवभूमि एप पर पुलिस वेरिफिकेशन के लिए अप्लाई किया था। काफी समय तक वेरिफिकेशन न होने के कारण उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के 12 घण्टे के अन्दर ही उनका पुलिस वेरिफिकेशन हो गया था। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। श्रीमती बीना ने बताया कि उन्होंने विद्युत से संबंधित समस्या के समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद जल्द ही समस्या का समाधान हो गया था। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि 1905 नम्बर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए काफी कारगर साबित हो रहा है।

निदेशक आईटीडीए डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर पर जन शिकायत प्रतिदिन सुबह 08:00 बजे से रात्रि 12 बजे तक दर्ज की जा रही है। पहले यह रात्रि के 10 बजे तक दर्ज की जा रही थी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद इसे 02 घण्टे और बढ़ाया गया है। सीएम हैल्पलाईन में 54 विभाग एवं 155 उप विभाग पंजीकृत हैं। समस्याओं के समाधान के लिए चार स्तर बनाये गये हैं। जो क्रमशः ब्लॉक, जिला, विभागाध्यक्ष एवं शासन स्तर तक है। सीएम हेल्पलाइन 1905 पर अभी तक कुल 174250 शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। जिसमें से 105060 शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद बंद कर दी गई है। शेष पर अलग–अलग स्तर पर प्रक्रिया गतिमान है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, श्री विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव श्रीमती सोनिका उपस्थित थे।

### जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी



मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर जन शिकायतों के समाधान के लिए अगर किसी स्तर पर संबंधित अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, तो ऐसे अधिकारियों पर शीघ्र सख्त कार्रवाई की जाय। समाज के अन्तिम पंक्ति तक के लोगों को सीएम हेल्पलाइन से मदद मिले एवं उनकी समस्याओं का समाधान हो, इसकी जानकारी भी जन–जन तक पहुंचाई जाय। यदि सीएम हेल्पलाइन पर कोई आपातकालीन कॉल आती है, तो संबंधित व्यक्ति की मदद के लिए संबंधित हेल्पलाइन नम्बर या आपातकालीन सेवाओं से उन्हें कनेक्ट करने की व्यवस्था भी की जाय।

# यात्रा भी चलती रहे और यात्रियों की सुरक्षा भी रहेः सीएम

**बैठक**

■ केदारनाथ धाम के लिए 409 करोड़ के कार्य प्रस्तावित हैं जिनमें 225 करोड़ का कार्य पूरा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के बाद देहरादून वापस आकर प्रेस वार्ता की। मुख्यमंत्री आवास स्थित जनता दर्शन हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने चार धाम आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे कोविड गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए चार धाम के लिए जारी की एसओपी का पूरा पालन करें। यात्रा पर निकलने से पहले अपने सभी जरूरी दस्तावेज और कोविड–19 नेगेटिव रिपोर्ट और वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट को साथ अवश्य लाएं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय न्यायालय ने चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन निर्धारित सीमा को हटा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि यात्रा भी चलती रहे और यात्रियों की सुरक्षा भी रहे, इसके लिए कोविड गाइड लाइन के तहत यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा को लेकर जो भी दिक्कतें हैं उन्हें जल्द दूर करने हेतु निर्देश दे दिए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 30 अक्टूबर तक श्री शंकराचार्य जी की समाधि का काम पूरा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम के लिए 409 करोड़ के कार्य प्रस्तावित हैं जिनमें 225 करोड़ का कार्य पूरा हो गया है, जबकि फेज 2 में 114 करोड़ का कार्य निर्माणाधीन है। इसी तरह से बदरीनाथ धाम के लिए 245 करोड़ के कार्य प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने जानकारी देते हुए बताया कि चारों धामों हेतु पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण हेतु 708 करोड़ रुपए के कार्य गतिमान और प्रस्तावित हैं।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दून ने सरकार द्वारा जारी कोविड–19 गाइडलाईन का पालन करते हुए तहसील ऋषिकेश, तहसील विकासनगर, तहसील चकराता एवं तहसील डोईवाला, जनपद देहरादून'' में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के पराविधिक कार्यकर्तागण द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा दी जाने वाली उपलब्धता एवं सहायता '' विषय पर जानकारी दी गई। उक्त शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा कोविड–19 महामारी के चलते सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन करते हुए सर्वप्रथम सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन जैसेः मुह पर मास्क लगाना/सामाजिक दूरी का पालन करने एवं जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलना आदि के बारे अवगत कराया गया।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।